गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास

परियोजना -कार्य - १६

(सत्र 2020 - 21) **दिनांक - 10/08/20**

कक्षा- द्वितीय **विषय -हिंदी**

पाठ- 8- नई दिवाली

प्रश्न 1. शब्दार्थ लिखें –

भर्ती - दाखिल होना

गुज़रा- पास से निकला

होश खो बैठा -घबरा गया

हालात- स्थिति

लड़ी- लाइन ,पंक्ति

क्रोध- गुस्सा

परेशान- दुखी

योजना -उपाय

अनायास- अचानक

प्रश्न 2. मौखिक प्रश्नोत्तर

प्रश्न(क). नमन बाज़ार से क्या खरीद कर लाया ?

उत्तर- नमन बाज़ार से पटाखे खरीद कर लाया ।

प्रश्न (ख) वह कहाँ जाकर छिप गया ?

उत्तर -वह राजेश टॉकीज की छत पर जाकर छिप गया ।

प्रश्न(ग)-उन्होंने क्या योजना बनाई ?

उत्तर - उन्होंने बमों की लड़ी में आग लगाकर नीचे आते जाते लोगों के ऊपर फेंकने की योजना बनाई ।

प्रश्न (घ) स्कूटर सवार किससे जा टकराया ?

उत्तर - स्कूटर सवार सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया ।

प्रश्न 3. लिखित प्रश्नोत्तर

प्रश्न (क)रात को जब नमन घर पहुँचा तो पड़ोसी ने क्या बताया ?

उत्तर - रात को जब नमन घर पहुँचा तो पड़ोसी ने उसे बताया कि उसके पापा अस्पताल में भर्ती हैं।

प्रश्न(ख) अस्पताल में पहुँचकर नमन ने क्या देखा ?

उत्तर - अस्पताल में पहुँचकर नमन ने देखा कि उसके पापा के शरीर पर बहुत सी पट्टियाँ बँधी हुई हैं । उनके पैर पर प्लास्टर भी लगा हुआ है ।

प्रश्न (ग) नमन ने पापा से क्या पूछा ?

उत्तर- नमन ने अपने पापा से पूछा " पापा दिवाली का त्योहार खुशी और उमंग का त्योहार है, फिर भी आप आज अस्पताल में पड़े हैं ।यह सब आपके साथ कैसे हुआ ?"

प्रश्न (घ) नमन और उसके दोस्तों ने क्या कसम खाई ?

उत्तर - नमन और उसके दोस्तों ने कसम खाई कि अब हम नई दिवाली मनाएँगे जिससे हम भी खुश रहेंगे और दूसरों को हानि भी नहीं पहुँचाएँगे।

प्रश्न 4. वर्ण विच्छेद करो :-(वर्णों को अलग करके लिखो)

दीवाली – द्+ई+व्+आ+ल्+ई

त्योहार -त्+य्+ओ+ह्+आ+र्+अ

स्कूटर -स्+क्+ऊ+ट्+अ+र्+अ

नमन -न्+अ+म्+अ+न्+अ

पट्टी -प्+अ+ट्+ट्+ई

प्रश्न 5. वचन बदलो :-

खुशी - खुशियाँ

कहानी -कहानियाँ

पट्टी - पट्टियाँ

परेशानी- परेशानियाँ

पहेली - पहेलियाँ

छुट्टी - छुट्टियाँ

गृह कार्य

पाठ्यपुस्तक से पृष्ठ संख्या 49 करें ।

Shila sinha